# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–23.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **केन्द्रीय गृह सचिव झारखंड के साथ टीएसी और सेंट्रल फोर्स के बकाये समेत 12 मुद्दों पर करेंगे चर्चा, राज्य की मुख्य सचिव आज तैयारियों की करेंगी समीक्षा।**
2. **झारखंड हाईकोर्ट के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार आज दिलायेंगे पद की शपथ, मुख्यमंत्री भी समारोह में होंगे शामिल।**
3. **आज राष्ट्रीय प्रसारण दिवस है, 1927 में इसी दिन शुरु हुआ था देश में पहला रेडियो प्रसारण।**
4. **राज्य में पिछले 24 घंटे में वज्रपात से 12 लोगों की मौत, मौसम विभाग ने आज भी गरज के साथ बारिश और वज्रपात की जतायी संभावना, कल भारी बारिश की चेतावनी।**
5. **सरायकेला–खरसांवा जिले को मिली अंडर–19 नेशनल शतरंज प्रतियोगिता की मेजबानी, दांव पर होगी दस लाख रुपये की इनामी राशि।**

***************

केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन 28 जुलाई को रांची में राज्य की मुख्य सचिव और गृह सचिव के अलावा अन्य अधिकारियों के साथ लगभग 12 मुद्दों को लेकर बैठक करेंगे। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने बैठक का एजेंडा तय कर झारखंड को भेज दिया है। इनमें दो प्रमुख मुद्दे– टीएसी नियम 2021 और केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बल की तैनाती के मद में झारखंड पर लंबित बकाया राशि पर श्री मोहन खास चर्चा करेंगे। केंद्रीय गृह सचिव पुलिस आधुनिकीकरण और नक्सलवाद पर भी मंथन करेंगे। इस बीच केंद्रीय गृह सचिव के आगमन को लेकर की जा रही तैयारियों की आज मुख्य सचिव समीक्षा करेंगी।

***************

राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने मादक पदार्थों की तस्करी और इस्तेमाल के खिलाफ अभियान तेज करने का निर्देश दिया है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों पर रोक के लिए डीएसपी स्तर के अधिकारियों को जिम्मेवारी सौंपी गयी है।

***************

झारखंड हाईकोर्ट के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान आज पद की शपथ लेंगे। राजभवन में सुबह 10 बजे शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार उन्हें मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलायेंगे। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी दिल्ली से लौट आये हैं और वे शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे।

***************

राज्य में नाम परिवर्तन संबंधी दस्तावेज गायब होने के मामले में भाजपा ने सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ने इस पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। इस पर कांग्रेस और झामुमो ने भाजपा पर पलटवार किया है। कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा है कि भाजपा सस्ती लोकप्रियता बटोरने की कोशिश कर रही है।

***************

लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष और भाजपा के वयोवृद्ध नेता पद्म विभूषण कड़िया मुंडा की तबीयत कल अचानक बिगड़ गयी। इसके बाद उन्हें रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मेडिकल टीम पूर्व सांसद श्री मुंडा के स्वास्थ्य पर नजर रख रही है।

***************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा वन क्षेत्र में वन्य जीव अभयारण्य की घोषणा का मामला स्टेट वाइल्ड बोर्ड को भेज दिया गया है। इस बोर्ड के अध्यक्ष मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हैं। सूत्रों ने बताया कि एक अगस्त को बोर्ड की बैठक संभावित है और इसी दिन सेंचूरी पर फैसला लिया जा सकता है। इधर, सुप्रीम कोर्ट में आज इस मामले पर सुनवाई होनी है।

***************

जामताड़ा जिले में जनता दरबार के माध्यम से जन समस्याओं के निदान की पहल की जा रही है। उपायुक्त रवि आनंद ने बताया कि अगले माह से विधानसभा क्षेत्रवार भी जनता दरबार आयोजित किया जायेगा।

***************

जामताड़ा जिले में इस वर्ष समय पर अच्छी बारिश होने से किसान बेहद खुश और आशान्वित हैं।

***************

आज राष्ट्रीय प्रसारण दिवस है। 1927 में इसी दिन देश में पहला रेडियो प्रसारण एक निजी कंपनी, इंडियन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी, के बॉम्बे स्टेशन से शुरू हुआ था। 1927 से, रेडियो देश के लोगों के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। आकाशवाणी अपने आदर्श वाक्य–**बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय**– को चरितार्थ करते हुए, जनसाधारण को सूचना, शिक्षा और मनोरंजन प्रदान करती रही है।

***************

राज्य में पिछले 24 घंटे में वज्रपात की चपेट में आने से 12 लोगों की मौत हो गई। इस बीच मौसम विभाग ने आज भी पूरे राज्य में गरज के साथ बारिश होने और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में मौसम का मिजाज अगले कुछ दिनों तक बदला रहेगा। कल राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश के संकेत हैं और इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

***************

ऑल इंडिया चेस फेडरेशन ने सरायकेला–खरसावां जिला शतरंज एसोसिएशन को 54वीं बालक राष्ट्रीय और 39वीं बालिका अंडर–19 जूनियर शतरंज प्रतियोगिता की मेजबानी सौंपी है। यह प्रतियोगिता एनएच–33 स्थित वेब इंटरनेशनल में 8–16 अक्टूबर तक होगा। इस प्रतियोगिता में कुल दस लाख रुपये की इमामी राशि दांव पर होगी। इस प्रतियोगिता में देश भर के लगभग 200 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

***************

**अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– होटल अशोक झारखंड सरकार को हस्तांतरित होगा।

**प्रभात खबर** के शब्द हैं– चुनाव आयोग में पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त पांच दल लापता, नोटिस पर नहीं रखा पक्ष।

**हिन्दुस्तान** लिखता है– खेल घोटाला में सीबीआई ने फिर सौंपी क्लोजर रिपोर्ट।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है– रांची नगर निगम के प्रशासक को हाईकोर्ट ने कहा– नक्शा पास करने में न हो ढिलायी।

******समाप्त******